# भोले के दरबार से खाली नहीं जाएंगे भजन लिरिक्स

भोले के दरबार से,
खाली नहीं जाएंगे,
खाली झोली आये है,
भरके झोली जाएंगे।bd।

तर्ज – श्याम के दरबार से।

---

बड़ी दूर से आस लगाकर,
तेरे दर पे आये है,
अब तो संकट मेटो बाबा,
दु:ख के बहुत सताए है,
तेरे दर को छोड़कर,
और कहाँ हम जाएंगे,
खाली झोली आये है,
भरके झोली जाएंगे।bd।

---

भटक भटक कर ये जग देखा,
कोई नहीं हमारा है,
तेरा ही आधार हमें तो,
तेरा एक सहारा है,
तेरी महिमा भोले हम,
भूल कभी न पाएंगे,
खाली झोली आये है,
भरके झोली जाएंगे।bd।

---

अनगिण पापी तारे तुमने,
अनगिण भगत उबारे है,
एक तेरे दर्शन से बाबा,
हो गए वारे न्यारे है,
दर्शन करने आये है,
दर्शन करके जाएंगे,
खाली झोली आये है,
भरके झोली जाएंगे।bd।

---

नज़र दया की हमपर रखना,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सदा बुलाते रहना हो,
सबकी झोली भरदो बाबा,
'बिन्नू' का ये कहना हो,
सेवक तेरे द्वार से,
हँसते हँसते जाएंगे,
खाली झोली आये है,
भरके झोली जाएंगे।bd।

---

भोले के दरबार से,
खाली नहीं जाएंगे,
खाली झोली आये है,
भरके झोली जाएंगे।bd।

**Singer – Upasana Mehta**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com